asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

राजपूत क्षत्रिय महासभा का 62... पृष्ठ 2 | सरस मेला के दो दिनों में 1 लाख... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

गुरूवार, 26 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 161, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# बर्ड फ्लू से राजनांदगांव में मंडराता खतरा, लोग सदमें में

## बिलासपुर के कोनी में बर्ड फ्लू की पुष्टि, 10 किमी का इलाका निगरानी में, हजारों मुर्गियां दफनाई गई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बिलासपुर जिला प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग ने कोनी स्थित सरकारी पोल्ट्री फार्म में मुर्गियों की सामूहिक मौत के बाद बर्ड फ्लू की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने तत्काल प्रभाव से प्रभावित क्षेत्र में 'कंटेनमेंट जोन' लागू कर दिया है।

### हजारों मुर्गियों की मौत से हड़कंप

विभागीय जानकारी के अनुसार, पिछले एक हफ्ते (19-24 मार्च) के भीतर फार्म में करीब 4,400 से अधिक मुर्गियों की अचानक मौत हो गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नमूने भोपाल और पुणे की प्रयोगशालाओं में भेजे गए थे, जहाँ जांच में बर्ड फ्लू (HzNv) के वायरस पाए गए।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम और प्रतिबंध

प्रशासन ने फार्म के चारों ओर 1 किलोमीटर के दायरे को



संक्रमित क्षेत्र घोषित कर वहां पक्षियों, अंडों और पोल्ट्री फीड के परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही 10 किलोमीटर के दायरे को सर्विलांस जोन बनाकर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। रैपिड रिस्पांस टीमें प्रभावित क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन और वैज्ञानिक तरीके से पक्षियों के निपटान में जुटी हुई हैं। बिलासपुर कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और अफवाहों पर ध्यान न दें। स्वास्थ्य विभाग की टीमें पोल्ट्री फार्म के कर्मचारियों और आसपास के निवासियों के स्वास्थ्य की जांच कर रही हैं। फिलहाल इंसानों में संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर प्रभावित इलाकों में मांस और पोल्ट्री उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है।

## निगम बजट पूर्व कैट व्यापारियों विकास कार्यों को लेकर रखे गए अहम प्रस्ताव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम बजट से पूर्व कैट व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के समग्र विकास एवं व्यापारिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए।

**उद्योग स्थापना पर जोर**

बैठक में प्रतिनिधियों ने संस्कारधानी में एक बड़े उद्योग की स्थापना की मांग रखी। उनका कहना था कि इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और युवाओं को पलायन से राहत मिलेगी।

**ट्रैफिक और बाजार व्यवस्था सुधारने की मांग**

व्यापारियों ने शहर में सुव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने पर बल दिया। उनका मानना है कि बेहतर यातायात प्रबंधन से बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे व्यापार को गति मिलेगी और बाजारों में रौनक लौटेगी।

**व्यावसायिक परिसर निर्माण का प्रस्ताव**

बैठक में व्यापारियों के लिए एक बड़े और आधुनिक व्यावसायिक परिसर के शीघ्र निर्माण की मांग की गई, ताकि छोटे-बड़े व्यापारियों को एक व्यवस्थित स्थान मिल सके।

**मेट्रो संचालन की मांग**

रायपुर से संस्कारधानी राजनांदगांव (राजाओं की नगरी) तक मेट्रो संचालन की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**चौड़ी सड़कों की आवश्यकता**

शहर के सभी प्रमुख मार्गों को चौड़ा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, जिससे यातायात सुगम हो और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचा मजबूत हो सके।

**बैठक में ये रहे उपस्थित**

प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, संजय लड्ढा, लक्ष्मण लोहिया, सागर चितलंगिया, विकास साहू, बादल साहू, आलोक बिंदल, अमित खंडेलवाल, राजेश जैन, प्रतीक अग्रवाल, प्रकाश कांकरिया अशोक पांडे सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे। व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि यदि शहर में आधारभूत सुविधाओं और उद्योगों का विकास होता है, तो इससे न केवल व्यापार को गति मिलेगी, बल्कि आम जनता को भी बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी और शहर समृद्धि की ओर अग्रसर होगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## आरटीई के तहत डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में नर्सरी प्रवेश के लिए 30 मार्च से आवेदन प्रारंभ

**पदमराज सिंह ठाकुर**



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम जिले में संचालित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल धरमपुरा, विकासखंड कवर्धा एवं लडुवा, विकासखंड पंडरिया में शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत सत्र 2026-27 में कक्षा नर्सरी में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभिभावक आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से 30 मार्च 2026 से 13 अप्रैल 2026 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों का सत्यापन एवं प्राथमिकता का निर्धारण 13 अप्रैल 2026 से 20 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। इस दौरान आवेदक 16 अप्रैल 2026 से 20 अप्रैल 2026 तक अपने आवेदन में आवश्यक संशोधन भी कर सकेंगे। इसके पश्चात लॉटरी एवं विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया 23 अप्रैल 2026 से 24 अप्रैल 2026 तक संपन्न की जाएगी।

## दैवीय पर्व पर नगर की मातृ शक्तियो का सम्मान



**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** दैवीय आराधना पर्व चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगरीय निकाय के अंतर्गतं विभीन्न क्षेत्रो में उल्लेखनीय कार्य करने वाली की नगर की मातृ शक्तियो को सम्मानित किया। नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले तथा धार्मिक व आध्यात्मिक क्षेत्र व स्वास्थ्य एवं शिक्षा के विकास में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले नगर की मातृ शक्तियो को शाल, श्रीफल एवं साडी भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगर की सभी मंदिरो एवं धार्मिक आयोजनो में सेवा गीत के माध्यम में क्वांर एवं चैत्र नवरात्रि में सेवा करने वाली पटेल पारा महिला मंडल समिति का भी सम्मान किया। इसके अलावा स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में सेवाए देने वाली मातृ शक्तियो को भी इस अवसर पर सम्मनित किया गया। नगर पंचायत में कार्यक्रम का शुभारंभ आदिशक्ति मातारानी की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर के विकास में अपना अमूल्य योगदान देने वाली मातृ शक्तियो को नमन करते हुए कहा की नगर विकास में मिले उनके सहयोग के लिए नगर पंचायत सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री योगेश्वर सिह ठाकुर, रामकुमार देवागन, पूर्व पार्षद प्रमोद ठलाल, पूर्व पार्षद श्रीमती उर्मिला पटेल, धनकुंवर पटेल, आशाबाई सहित काफी संख्या में नगर के विभीन्न वार्डो की माताए शामिल हुई।

## 26 मार्च महाअष्टमी के दिन निकलेगी खैरा राजनांदागंव से भव्य खप्पर यात्रा





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 26 मार्च महाअष्टमी के दिन निकलेगी खैरा राजनांदगांव से भव्य खप्पर यात्रा मां भैरवी धाम तांत्रोक्त शक्ति पीठ खैरा विराजमान मां दंतेश्वरी मां कमला भैरव मां दक्षिण काली बटुक भैरव हनुमान जी वीर विजय गणपति महराज मंदिर परिसर पर विराजमान है। चैत्र नवरात्र महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान मंदिर में मनोकामनाएं ज्योति कलश ज्वारा रखा गया है। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या मे श्रद्धालू दर्शन करने पहुंच रहे है। श्रद्धालूगण माता रानी के मंदिर में दर्शन पश्चात् मंदिर के परिक्रमा करने बड़ी संख्या में श्रद्धालू पंहुच रहे है चैत्र नवरात्र पर्व पर श्रद्धालूगण द्वारा मनोकामना ज्योति कलश जलाया गया है। जिसमें विदेशी भक्त काररोटन संयुक्त राष्ट्र अमेरिका औरीऐन्टो कनाडा मेधालय संगरूर पंजाब मुंबई भिवाड़ी हरियाणा ईटारसी, झारखंड, नागपुर, मोहाली पंजाब, वैशाली बिहार, धुले महाराष्ट्र, झासी उत्तरप्रदेश, सिक्कीम मेघालय, मुरैना, कांगड़ा, हिमाचल, गाजियाबाद उत्तरप्रदेश, कांशगंज दिल्ली, महाराष्ट्र, जयपुर, राजस्थान, असम, गुहाटी, मुंबई, ग्वालियर, शहरशहा, हरियाणा, पुने, थाने, गढ़चिरौली एवं प्रदेश के राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बालोद, कोंडागांव, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, कबीरधाम, बेमेतरा अन्य जिले वासियों मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किये है। साथ ही साथ 26 मार्च महाअष्टमी के दिन नवकन्या पूजन अष्टमी हवन प्रसादी भंडार तत्पश्चात् महाअष्टमी के दिन भव्य खप्पर यात्रा मंदिर परिसर खैरा से परपंरा अनुसार यात्रा मां भैरवी धाम तांत्रोक्त शक्ति पीठ से रात्रि 12 बजे से प्रारंभ होकर खैरा बस्ती रवेली कन्हारपुरी होते हुए गुरू मां सुमिरन माई निवास जनताकॉलोनी तक पहुंचेगा जहां पर गुरू मां समिरन माई द्वारा पूरे भारत देश प्रदेश देश नगर व ग्राम के समस्त नागरिकों के सुख स्मृद्धि, शांति हेतु खप्पर यात्रा का पूजा अर्चना कर समापन किया जावेगा। उक्त जानकारी मां भैरवी धाम जनकल्याण समिति खैरा के प्रावक्ता सुदर्शन दास मानिकपुरी द्वारा यह प्रेस विज्ञप्ति जारी किया।

# ऐसा होता है राजनांदगांव कलेक्टर का त्वरित न्याय



अवैध दीवार निर्माण तोड़कर आवेदिका को दिलाया न्याय

## कलेक्टर जनदर्शन में मिली शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, जिससे हितग्राहियों को समयबद्ध राहत मिल सके। इसी कड़ी में राजनांदगांव चिखली निवासी श्रीमती उर्मिला बाई उके द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में बिल्डर द्वारा अवैध रूप से बनाई गई दीवार के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। दीवार निर्माण के कारण उनके आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। संबंधित विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कर अवैध रूप से निर्मित दीवार को तोड़ा गया और आवेदक श्रीमती उर्मिला बाई उके को न्याय दिलाया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर त्वरित, पारदर्शी और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर समाधान प्राप्त हो सके।



## ज्ञान मंथन

*1) दुनिया की सबसे लंबी एक्सप्रेसवे सुरंग, तियानशेन शेंगिल सुरंग, किस देश में स्थित है?*

*2) इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस किस प्रकार की बीमारी है?*

*3) हर साल विश्व आयोडीन अल्पता दिवस किस दिन मनाया जाता है?*

*4) साहित्य में नोबेल पुरस्कार 2024 किसे दिया गया है?*

*5) 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार 2025 के विजेता कौन थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) चीन (2) फेफड़ों की बीमारी (3) 21 अक्टूबर (4) हान कांग (5) गुलज़ार और जगद्गुरु रामभद्राचार्य

# सरस मेला के दो दिनों में 1 लाख 85 हजार रुपए से अधिक का हुआ व्यवसाय

## महिला समूह द्वारा निर्मित सामग्री लोगों को आ रहा पसंद, दैनिक उपयोग की आकर्षक सामग्रियां कम दामों पर विक्रय के लिए है उपलब्ध

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** सरदार पटेल मैदान कवर्धा में 23 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित हो रहे संभागीय सरस मेला में महिला स्व सहायता समूह की दीदियों के लिए मिल का पत्थर बन गया है। मेले के महज दो दिनों में ही विभिन्न समूह का अभी तक लगभग 1 लाख 85 हजार रुपए से अधिक का व्यवसाय हो चुका है। जैविक खाद्य पदार्थों में दाल के विभिन्न प्रकार, अचार, पापड़, मिलेट बिस्किट्स, हर्बल फिनायल, साबुन, दोना पत्तल अगरबत्ती, हैंडलूम बिरनमाला, चूड़ी, कंगन जैसे अनेक वस्तुएं लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। मेले में समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न वस्तुओं की प्रदर्शनी सह विक्रय हेतु स्टाल लगाए गए हैं।स्टाल में लगी सामग्रियां लोगों को बाजार मूल्य से कम दरो पर मिल रही है जिसे लोगों ने हाथों-हाथ लिया है। उल्लेखनीय है कि पॉपकॉर्न चार्ट गुपचुप फल के स्टॉल एवं बच्चों के लिए लगाए गए ट्रम्पोलिन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्या ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया है। बड़ी संख्या में लोग मेला स्थल पहुँच कर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुओं को कम दर में प्राप्त




कर लाभ ले रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि संभागीय सरस मेला में दुर्ग संभाग के सभी सात जिलों के महिला समूह ने अपने विभिन्न उत्पादनो की प्रदर्शनी सह विक्रय का स्टॉल लगाया है।फूड स्टॉलों के अतिरिक्त 28 अन्य स्टॉल लगाए गए हैं तथा मेले के सिर्फदो दिनों में ही विभिन्न समूह को 1 लाख 85 हजार रुपए से अधिक की आमदनी हो चुकी है।मेले के आयोजन को लेकर समूह की दीदियों में बहुत उत्साह है और स्थानीय लोगो को इसका लाभ मिल रहा है। संभागीय सरस मेला से महिलाओं को अपना व्यवसाय आगे बढ़ाने के लिए बड़ा मंच प्रदान किया गया है। खरीदी बेहतर होने से उनका स्वरोजगार के साथ उत्साह वर्धन होगा। आजीविका की गतिविधियां से लाभान्वित होकर महिलाएं आत्मनिर्भर होगी। बच्चों और बड़ो के लिए पॉपकॉर्न गाने का रस का स्टाल लगा है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां**

संभागीय सरस मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन ने लोगों को बहुत आकर्षित किया। सरगम ग्रुप कवर्धा के श्री महेश ठाकुर एवं उनके साथियों ने देशभक्ति एवं फिल्मी गीतो से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसी तरह माधवेश केसरी एवं साथियों ने भी रंगारंग प्रस्तुति दी। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कवर्धा के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी रीमिक्स के द्वारा अपने नृत्य कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। श्री धनीदास मानिकपुरी एवं श्री संजय मानिकपुरी द्वारा मयारू के माया कार्यक्रम में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों का बेहतरीन प्रदर्शन किया। रामखिलावन लांझेकर एवं उनके साथियों द्वारा सूफी गायन प्रस्तुत की गई।

# गायत्री विद्यापीठ में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में स्थानीय परीक्षाओं का परिणाम आज विधिवत घोषित किया गया। विद्यालय परिसर में उत्साह और हर्ष का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने परिश्रम और



लगन का परिचय दिया। परीक्षा परिणामों की श्रृंखला में कक्षा नर्सरी से आठवीं एवं नवीं, ग्यारहवीं कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन जी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों एवं उनके माता-पिता के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पण के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सराहा गया। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से विद्यार्थी इस सफलता को प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, सह स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री मनोज चितलांग्या, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, स्कूल आब्जर्वर श्री अंकित राज व्यास, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# राजस्व वसूली पर ज़ोर: चिखली स्कूल के पास स्वावलंबन योजन की निर्मित 7 दुकाने सील

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली में कडाई बरतते हुये प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही है। बकायादारों का नाम प्रकाशित कर नल विच्छेदनकर किया जा रहा है तथा दुकाने भी सील की जा रही है। दुकाने सील करने की कडी में आज चिखली स्कूल के पास मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में 7 दुकाने सील की गयी एवं 6 दुकानो से कब्जा हटाने कब्जाधारी को नोटिस दिया गया। वित्तीय वर्ष समाप्ति के माह अंत में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिये महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की प्रतिदिन मानिटरिंग कर रहे है तथा बडे बकायादारो को अपने बकाया करो का भुगतान करने समझाईस दे रहे है। निर्देश पर राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी के नेतृत्व में निगम का अमला दुकानें सील करने एवं नल विच्छेदन की कार्यवाही कर रही है, दुकाने सील करने की कडी में आज चिखली स्कूल के पास मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत की निर्मित दुकानों के दुकानदारो द्वारा नोटिस उपरांत भी अनुबंध नही कराकर किराया जमा नही किया जा रहा था। जिसपर कार्यवाही करते हुये 7 दुकाने सील की गयी। वही 6 दुकानों से अवैध कब्जा खाली कर निगम को आधिपत्य सौपने नोटिस दिया गया। कुल 22 दुकानों में 9 दुकानो का अनुबंध निष्पादित हुआ था शेष 13 दुकानों में 7 दुकानो का अनुबंध नही हुआ था और 6 दुकाने अवैध कब्जा था, उक्त दुकानो में कार्यवाही की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शासन लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली किया जाना है, वसूली के लिये करदाताओं को करो का भुगतान करने अपील की जा रही है, बडे बकायादारों को नोटिस दिया गया है, भुगतान नही करने की स्थिति में दुकाने सील करने तथा नल विच्छेदन की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा कुर्की की भी तैयारी की जा रही है, उन्होंने करदाताओं से कहा कि, अपने बकाया कर एवं किराये की राशि का भुगतान समय पर कर अधिभार एवं निगम की कार्यवाही से बचे।



# महापौर ने जय स्तम्भ गोलबाजार का निरीक्षण कर साफ सफाई रखने, स्वच्छता अपनाने की अपील

## वही आधुनिक शौचालय निर्माण में तेजी लाने उप अभियंता को निर्देशित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** साफ सफाई का जायजा लेने महापौर श्री मधुसूदन यादव सुबह वार्ड विजिट कर नागरिको को स्वच्छता अपनाने समझाईस दे रहे है तथा नागरिको को स्वच्छता से जोडने स्वास्थ्य अमला को निर्देश दे रहे है। आज उनके द्वारा जय स्तम्भ चौक, गोल बाजार का निरीक्षण कर बाजार मे सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा बाजार में निर्माणाधीन आधुनिक शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने उप अभियंता को निर्देशित किये।महापौर श्री यादव निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा के साथ जय स्तम्भ चौक, गोलबाजार में पैदल घुम स्वास्थ्य अमला से कहा कि चुकि बाजार भीड भाड वाला इलाका है, जिसे ध्यान मे रखकर यहा सफाई में जोर दिया जाए, बाजार लगने के पहले सफाई किया जाए, फल सब्जी विक्रताओ को कचरा गाडी में डालने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने समझाईस दे। उन्होंने गोल बाजार में निर्माणाधीन अत्याधुनिक शौचालय देख उप अभियंता श्रीमती पिंकी खाती से कहा कि निर्माण में तेजी लावे और शेष कार्य जल्द पूर्ण करावे, ताकि लोगो को इसका लाभ मिल सके। महापौर श्री यादव जय स्तम्भ चौक एवं गोल बाजार में नागरिको से मिलकर साफ सफाई रखने, स्वच्छता अपनाने समझाईस दिए। उन्होंने कहा कि निगम का सफाई अभियान बिना जन भागीदारी के संभव नही है, आप सबके सहयोग से ही हम स्वच्छता में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। स्वच्छता के लिए कचरा डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली दीदीयो को गिला सुखा कचरा अलग अलग देवे, अपने घर व प्रतिष्ठान के आस पास साफ सफाई रखे। जय स्तम्भ चौक शहर का हृदय स्थल है, इसके आस पास साफ सफाई रखना, इसका संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान निगम का अमला उपस्थित था।



# अवैध उत्पादन पर बड़ी कार्रवाई: बिल्स वॉटर ड्रिंको से 2016 बोतलें सीज, नमूने जांच के लिए भेजे गए

## बिना वैध लाइसेंस, पंजीयन के उत्पादन या विक्रय करने पर होगी कठोर कार्रवाई


**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित पानी प्लांट्स पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बिल्स वॉटर ड्रिंको मिनीमाता चैक, कवर्धा में गंभीर अनियमितताएं पाई गई। प्रतिष्ठान द्वारा गलत लाइसेंस एवं गलत पते से उत्पादन किया जा रहा था, जिस पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करते हुए मौके पर ही 1728 बोतल बिल्स पीकेडी वॉटर एवं 288 बोतल बिल्स पीकेडी ऑरेंज सोडा, कुल 2016 बोतलों को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल चार विधिक नमूने भी संकलित किए गए, जिन्हें गुणवत्ता जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनियम 11 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गर्मी के सीजन को देखते हुये वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती साधना चंद्राकर और खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री फणीभूषण जायसवाल के द्वारा जिले के अंतर्गत चल रहे पानी प्लांट्स बैरागी प्रोडक्ट्स वार्ड न. 9 कवर्धा से मन एक्वा पीकेडी वॉटर का एक विधिक नमूना, निवान अमृत एक्वा रायपुर रोड, कवर्धा से 1 विधिक नमूना एवं बिल्स वॉटर ड्रिंको मिनीमाता चैक कवर्धा से दो विधिक नमूना बिल्स पीकेडी वॉटर एवं बिल्स पीकेडी ऑरेंज सोडा तीनो फर्मो से कुल कुल चार विधिक नमूना संकलन किया गया। जिन्हें गुणवत्ता जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। ताकि अच्छी गुणवत्ता की पैक्ड वाटर एवं पेय पदार्थ आमजनों को प्राप्त हो सके। विभाग द्वारा सभी खाद्य कारोबारियों को सख्त चेतावनी दी गई है कि बिना वैध लाइसेंस, पंजीयन के उत्पादन या विक्रय करने पर इसी प्रकार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिले में उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।



## धर्म समाचार....

# भगवान विष्णु को किसने दिया पत्थर बनने का श्राप? यहां पढ़ें शालिग्राम के अवतार की कथा







सनातन धर्म में भगवान शालिग्राम की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, रोजाना भगवान शालिग्राम की विधिपूर्वक साधना करने से जीवन में खुशियों का आगमन होता है और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। साथ ही साधक को सभी पापों से छुटकारा मिलता है। क्या आपको पता है कि कैसे अवतरित हुए भगवान शालिग्राम? अगर नहीं पता, तो आइए आपको इस आर्टिकल में बताते हैं कैसे प्रकट हुए भगवान शालिग्राम। पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन समय में जालंधर नाम का एक असुर था और उसकी पत्नी का नाम वृंदा था। वह भगवान विष्णु की परम भक्त थी। जालंधर ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा रखा था, जिससे परेशान होकर देवी-देवता भगवान विष्णु की शरण में पहुंचे। बता दें कि वृंदा के सतीत्व के प्रभाव से जालंधर अजेय हो गया था। जब देवताओं को इस बात का पता चला कि जब तक वृंदा का सतीत्व भंग नहीं होता, तब तक जालंधर का वध करना असंभव है। भगवान विष्णु ने सृष्टि की रक्षा के लिए एक कठोर कदम उठाया। उन्होंने जालंधर का रूप धारण कर वृंदा के पास पहुंचे। उनको वृंदा ने अपना पत्नी समझकर स्पर्श किया और अनजाने में वृंदा का सतीत्व खंडित हो गया। वृंदा का पतिव्रता धर्म टूट जाने पर शक्तियां क्षीण हो गई और महादेव ने उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद जब वृंदा को पता चला कि भगवान विष्णु ने उसके साथ छल किया है, तो उन्होंने प्रभु को निर्जीव पत्थर बनने का श्राप दिया, जिसके बाद वे पत्थर में परिवर्तित हो गए। इस श्राप की वजह से मां लक्ष्मी नाराज हुईं और वृंदा से अपना श्राप वापस लेने की विनती की। इसके बाद वृंदा ने प्रभु को श्राप से मुक्तकर दिया, लेकिन पति वियोग के दुख में वृंदा ने आत्मदाह कर लिया।

## राम नवमी के दिन 5 चीजें घर जरुर लाएं, दुर्भाग्य कोसों दूर रहेगा

राम नवमी 27 मार्च 2026 को है. इस दिन रामलला के जन्म से पहले कुछ खास चीजें घर जरुर लाना चाहिए. मान्यता है इससे सालभर मां लक्ष्मी घर में विराजित रहती हैं. वास्तु दोष दूर होता है. राम नवमी के दिन घर में शंख लाना बहुत शुभ होता है. शंख माता लक्ष्मी को प्रिय है. राम जी की आरती के समय उसी शंख को बजाएं, इसकी ध्वनि से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है. साथ ही दुर्भाग्य दूर रहता है. राम नवमी के दिन घर में शंख लाना बहुत शुभ होता है. शंख माता लक्ष्मी को प्रिय है. राम जी की आरती के समय उसी शंख को बजाएं, इसकी ध्वनि से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है. साथ ही दुर्भाग्य दूर रहता है. श्रीराम यंत्र को श्रीराम की दिव्य ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है. मान्यता है कि राम नवमी पर घर में श्रीराम यंत्र की स्थापना करने से परिवार में प्रेम, सम्मान और एकता बढ़ती है. ये घर को बुरी नजर और अनिष्ठ घटनाओं से बचाने में सहायक है. ये वास्तु दोष से रक्षा करता है. श्रीराम यंत्र को श्रीराम की दिव्य ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है. मान्यता है कि राम नवमी पर घर में श्रीराम यंत्र की स्थापना करने से परिवार में प्रेम, सम्मान और एकता बढ़ती है. ये घर को बुरी नजर और अनिष्ठ घटनाओं से बचाने में सहायक है. ये वास्तु दोष से रक्षा करता है. राम नवमी के दिन घर में धातु या संगमरमर की राम दरबार (राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान) की मूर्ति लाएं और विधिवत उनकी पूजा करें. राम दरबार की रोजाना पूजन करने से परिवार में खुशियां बनी रहती है. मां लक्ष्मी घर में ठहर जाती हैं ऐसी मान्यता है. राम नवमी के दिन घर में धातु या संगमरमर की राम दरबार (राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान) की मूर्ति लाएं और विधिवत उनकी पूजा करें. राम दरबार की रोजाना पूजन करने से परिवार में खुशियां बनी रहती है. मां लक्ष्मी घर में ठहर जाती हैं ऐसी मान्यता है. भगवान राम को 'पीला' रंग अत्यंत प्रिय है. राम नवमी से पहले एक सुनहरी किनारी वाला पीला ध्वज घर लाएं और उसे घर की छत के उत्तर-पूर्वी कोने में लगाएं. इससे ज्ञान, धन, और सम्मान में वृद्धि होती है. भगवान राम को 'पीला' रंग अत्यंत प्रिय है. राम नवमी से पहले एक सुनहरी किनारी वाला पीला ध्वज घर लाएं और उसे घर की छत के उत्तर-पूर्वी कोने में लगाएं. इससे ज्ञान, धन, और सम्मान में वृद्धि होती है.



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# कलेक्टर ने ग्राम खजरी एवं बोटेपार में निर्माणाधीन नहर लाइनिंग कार्य का किया निरीक्षण

## निर्माणाधीन नहर लाईनिंग कार्य गुणवत्ता व समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश, डेम क्षमता एवं नहर लाइनिंग की प्रगति का लिया जायजा

### कलेक्टर ने किसानों से चर्चा की, गांव में मांग के अनुसार स्टीमेंट बनाने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज ग्राम खजरी और बोटेपार में निर्माणाधीन पक्की नहर लाईनिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने नहर लाइनिंग की कुल लंबाई, निर्माण गुणवत्ता, कार्य की गति तथा डेम की उपलब्ध क्षमता संबंधी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे आगामी सीजन में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पक्की नहर लाइनिंग कार्य से किसानों को पर्याप्त मात्रा में सिंचाई का स्थायी लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने नहर किनारे उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर नहर लाइनिंग कार्य से मिलने वाले लाभ और गांव की समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि पक्की नहर लाइनिंग बनने से पानी का रिसाव कम होगा, सिंचाई सुचारू रूप से खेतों



तक पहुंचेगी तथा उत्पादन में वृद्धि की संभावना बढ़ेगी। कलेक्टर ने किसानों को प्रधानमंत्री आशा योजना के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीद की जा रही है, जिससे किसानों को बेहतर आय प्राप्त होगी। उन्होंने किसानों को दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार के लिए प्रेरित किया तथा समय पर पंजीयन कराने कहा। इस अवसर पर ग्राम बोटेपार के किसानों ने सीसी रोड एवं नाली निर्माण की मांग रखी। कलेक्टर ने उनकी मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को सीसी रोड एवं नाली निर्माण का स्टीमेट तैयार कर बारिश के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि गांव में आवागमन एवं जल निकासी की समस्याओं का समाधान हो सके। कलेक्टर ने किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सिंचाई संबंधी सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ तथा पारदर्शिता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे रबी एवं खरीफ सीजन के लिए किसानों को पर्याप्त सिंचाई उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री एनके रामटेके, एसडीओ सुयश यदु, उप अभियंता सहित किसान उपस्थित थे।

## राम नवमी महोत्सव 27 मार्च मो धुमधाम से मनाया जावेगा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री राम जानकी बालाबाबा मंदिर में दिनांक 27-03-2026को राम नवमी महोत्सव धुमधाम से मनाया




जावेगा अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी अभिषेक चौबे एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि परंपरा अनुसार प्रतिवर्ष राम-जानकी बाला बाबा मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है इस बार भी राम जन्मोत्सव 27 मार्च को नियत तिथि को मनाया जावेगा अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया 27 मार्च को 11बजे मंदिर का गर्भगृह का पर्दा कुछ समय के लिए बंद कर दी जाएगी तत्पश्चात भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का 12 बजे कित्रिम अवतरण कर भबय रूप से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जावेगा श्री रामलाल के जन्म पश्चात् उत्साह पूर्वक फ्टाका फोड़ा जवैगा राम जन्मोत्सव पश्चात् महाआरती कर पंजरी प्रसादी का भक्तो के मध्य बांटा जावेगा राम जन्मोत्सव पर राम जानकी बालाबाबा मंदिर में 1008 दीपों से मंदिर को जगमग करते हुए दीपोत्सव मनाया जावेगा।

## मोहनीश साहू का नवोदय में चयन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला किरगी



के कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत छात्र मोहनीश साहू का चयन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के लिए हुआ है। मोहनीश के पिता श्यामचरण साहू एक शिक्षक है। कक्षा शिक्षक अनुराग यदु ने बताया कि मोहनीश साहू शुरू से ही मेधावी रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया हैद्य प्रधान पाठक एम के बघेल (मिडिल स्कूल) पदमिनी साहू (प्राथमिक शाला) एवं शाला परिवार ने आशा व्यक्त की है कि छात्र भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेगा ।

## सफाई व्यवस्था का जायजा लेने सरकारी दफ्तरों का सघन दौरा

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़: डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वंचित शोषित समाज के प्रदेश सचिव नरेश करसे वाल्मीकि प्रदेश में हो रही सफाई व्यवस्था का जायजा लेने छत्तीसगढ़ के दौरे कार्यक्रम की जानकारी देते बताया गया कि उन्होंने प्रदेश के सभी नगर निकायों और विभिन्न सरकारी विभागों का सघन दौरा करने का निर्णय लिया है।

**निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य:**

इस दौरे के दौरान श्री करसे शहरों की सफाई व्यवस्था का जमीनी स्तर पर निरीक्षण करेंगे। उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वच्छता अभियान केवल कागजों पर न रहे, बल्कि जमीन पर भी असर दिखाए।

**लापरवाह नियोक्ताओं को सख्त चेतावनी:**

श्री नरेश करसे वाल्मीकि ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की कोई भी समस्या सामने आती है या उनके अधिकारों का हनन पाया जाता है, तो संबंधित नियोक्ताओं के खिलाफतत्काल और कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सफाई कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि काम की जगह पर उन्हें मूलभूत सुविधाएं या उनके हक नहीं मिल रहे हैं, तो इसके जिम्मेदार अधिकारियों को जवाब देना होगा।

# भ्रामक खबर फैलाने वाली सोशल मीडिया पर कार्यवाही की मांग - तरुण हत्थेल

### मां बमलेश्वरी तीर्थ यात्रियों की कमी पर सोशल मीडिया को जिम्मेदार ठहराया

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ धर्मनगरी के खिलाफ सोशल मीडिया में भ्रामक और नकारात्मक खबर फैलाने वाले सोशल मीडिया के संवाददाताओ को आड़े हाथ लेते हुए सासंद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल ने शासन प्रशासन से मांग की गई है कि इन पर कठोर कार्रवाई की जाए। चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान इस वर्ष डोंगरगढ़ में मां बमलेश्वरी मंदिर में तीर्थ यात्रियों की घटती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही अफ्वाहों और भ्रामक खबरों के कारण इसे धार्मिक नगरी की प्रतिष्ठा के लिए खतरनाक बताया। श्री हत्थेल ने कहा कि आजकल कुछ सोशल मीडिया के



संवाददाताओ के द्वारा मां बमलेश्वरी मंदिर और डोंगरगढ़ को लेकर कई भ्रामक और नकारात्मक बातें फैलाई जा रही हैं जिससे दर्शनार्थियों के मन में डर और असमंजस पैदा हो रहा है।

यह अफ्वाहें न केवल धार्मिक यात्राओं को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि इस पवित्र नगरी की छवि को भी नुकसान पहुंचा रही हैं। वहीं नवरात्रि के पंचमी पर्व के दिन तीर्थ यात्रियों की अपेक्षाकृत कम संख्या को देखते हुए इसे चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि जैसे पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की कमी से न केवल मंदिर की धार्मिक गरिमा प्रभावित हो रही है, बल्कि इससे स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। नागरिकों और प्रशासन से आग्रह किया गया है कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह मां बमलेश्वरी की इस धार्मिक नगरी की पवित्रता और सुंदरता को बनाए रखने में योगदान दे और प्रशासन से आग्रह किया गया गया है कि सोशल मीडिया पर चल रही अफ्वाहों को रोकने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाते हुए फेक न्यूज फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएं। वहीं मंदिर की महिमा और डोंगरगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करने के लिए सकारात्मक प्रचार करने की अपील की गई ।

# बिजली के खराब खंबे ही बदले जाएं अच्छे नहीं - संतोष पिल्ले

### निगम आयुक्त को नेता प्रतिपक्ष की चिट्ठी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में बिजली के खंभों को बदलने की चल रही प्रक्रिया को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि केवल खराब और जर्जर खंभों को ही बदला जाए जबकि जो खंभे अभी भी मजबूत और सुरक्षित हैं उन्हें यथावत रखा जाए। साथ ही जो पुराने खंभे हैं और जो अच्छे हैं उसे पेंट कराने की अवश्यकता है। उस पर भी ध्यान दिया जाए। श्री पिल्ले ने अपने पत्र में कहा कि वर्तमान में शहर के कई वार्डों में ऐसे बिजली के खंभे हटाए जा रहे हैं जो पूरी तरह से ठीक हालत में हैं। इन खंभों में किसी प्रकार की टूट-फूट या खतरे की स्थिति नहीं है फिर भी उन्हें बदलना समझ से परे है। उन्होंने इसे सीधे तौर पर सरकारी धन का अपव्यय बताया और कहा कि जब पुराने खंभे उपयोग के योग्य हैं, तो नए खंभे लगाने में खर्च किया जा रहा पैसा जनता के टैक्स का गलत इस्तेमाल है। उन्होंने ने मांग रखी कि किसी भी खंभे को बदलने से पहले नगर निगम के सक्षम तकनीकी इंजीनियरों द्वारा उसकी गुणवत्ता और मजबूती की जांच करवाई जाए।उनका कहना है कि जांच के बाद ही यह तय होना चाहिए कि कौन-सा खंभा बदलना जरूरी है और कौन-सा नहीं। श्री पिल्ले ने इस पूरे मामले में पारदर्शिता की कमी का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस तकनीकी कारण के खंभों को हटाना उचित नहीं है। उन्होंने निगम आयुक्त से आग्रह किया कि जब तक विशेषज्ञों की रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक खंभे बदलने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए।पत्र में यह भी मांग की गई है कि हटाए गए पुराने खंभों की वार्डवार गिनती कराकर उन्हें निगम में जमा कराया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी से बचा जा सके। अंत में संतोष पिल्ले ने उम्मीद जताई कि निगम प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जनहित में उचित और त्वरित निर्णय करेगा, ताकि जनता के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके और अनावश्यक खर्च पर रोक लग सके।

## जोंधरा में शराब बिक्री पर पचास हजार दण्ड

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** जोंधरा में शराब बेचना शराब कोचियों को महंगा पड़ सकता है, ग्रामीणों ने ग्रामीण बैठक में यह सर्वसहमति से निर्णय लिया है कि कोई भी व्यक्ति यदि शराब बिक्री करते पाया जाता है तो उसे 50 हजार रूपये का दण्ड देना होगा, साथ ही बताने वाले को दस हजार की नगद राशि दी जायेगी, ग्रामीणों की इस बैठक में हड़कम्प की स्थिति बनी हुई है, विदित हो कुछ ग्रामीण पीने के बहाने शराब का विक्रय का काम करते थे, जिससे ग्राम में शाम को महिलाओं को घर से निकलना मुश्किल हो जाता था, ग्राम प्रमुख नरेश सिन्हा , परधुमन निषाद, बिसेन रावटे, गिरधारी सलामें , युवराज सिंह , रोहित सलामें , सहित ग्राम पटेल हृदयराम चंद्रवंशी, आदि ने शराब विक्रेताओं से अब पुनः शराब ना बेचने की अपील करते हुए कहा है कि शराब विक्रय किये जाने पर वो दण्ड के भागी होंगे।

# पेपर लीक पर बड़ा फैसला, 12वीं हिंदी की परीक्षा रद्द, अब 10 अप्रैल को दोबारा होगी




**रायपुर/ राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में 12वीं बोर्ड के छात्रों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। हिंदी विषय का पेपर लीक होने के दावों के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सख्त कदम उठाते हुए परीक्षा को निरस्त कर दिया है। अब यह परीक्षा 10 अप्रैल 2026 को दोबारा आयोजित की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, 14 मार्च को हुई हिंदी परीक्षा से पहले सोशल मीडिया और व्हाट्सऐप ग्रुप्स पर पेपर से जुड़े सवाल वायरल होने का मामला सामने आया था। इस पर छात्र संगठन ह्स्ढ्ढ ने भी गंभीर आरोप लगाए और विरोध प्रदर्शन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सिटी कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। साइबर सेल अब इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है, ताकि पेपर लीक के जिम्मेदार लोगों तक पहुंचा जा सके। अब सभी छात्रों को 10 अप्रैल को दोबारा हिंदी परीक्षा देनी होगी। मंडल ने साफ किया है कि परीक्षा की निष्पक्षता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंडल और प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि इस मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अखबारों में उजागर हुआ मामला फिर भी कार्रवाई नहीं - 14 साल से गायब शिक्षक, डीईओ की सेवा में!

**छुईखदान ( गेरू खदान ) ( नांदगांव टाइम्स )।** छुईखदान ब्लॉक के गेरू खदान गांव से शिक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही और संभावित साठगांठ का मामला सामने आया है, जो अब सवालों के घेरे में आ चुका है। वर्ष 2011 से स्कूल से नदारद एक शिक्षक पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त शिक्षक पढ़ाई कराने के बजाय जिला शिक्षा अधिकारी (ष्ठश्वह्र) के साथ रहता है और उनकी गाड़ी चलाने का काम करता है।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस मामले को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं और यह मुद्दा दैनिक अखबारों में भी प्रकाशित हो चुका है, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा। इससे पूरे सिस्टम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। गेरू खदान के सरपंच मेरावी ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया, लेकिन हर बार शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया गया। च्अब तक न कोई जांच हुई, न कोई कार्रवाई, और शिक्षक आज भी स्कूल से गायब है,ज्ज् उन्होंने कहा। इस बीच, गांव



के स्कूल की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शिक्षक के अभाव में बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित है और अभिभावकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। एक ओर सरकार शिक्षा सुधार के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर इस तरह की लापरवाही व्यवस्था की सच्चाई उजागर कर रही है। मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी (क्चश्वह्र) से तीन से चार बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन उठाना भी जरूरी नहीं समझा। इससे यह संदेह और गहरा होता है कि कहीं न कहीं जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब मामला शिकायतों और अखबारों के जरिए सार्वजनिक हो चुका है, तब भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर किसी प्रकार का दबाव है, या फिर यह पूरा मामला संरक्षण के चलते दबाया जा रहा है? ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निष्पक्ष जांच कर संबंधित शिक्षक पर कार्रवाई नहीं की गई और स्कूल में नियमित शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे ब्लॉक और जिला स्तर पर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। यह मामला केवल एक गांव की समस्या नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की तस्वीर है, जहां बच्चों की शिक्षा से ज्यादा अधिकारियों की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है—और सवाल यह है कि आखिर इस चुप्पी की जिम्मेदारी कौन लेगा?

### नाम परिवर्तन

मैं केजई सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नि मोतीराम गांव / शहर गाताटोला तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम केजई से बदल कर बिरझा बाई रख लिया है।

**केजई**

**हस्ताक्षर (पुराने नाम से)**

शहर गाताटोला
तहसील डोंगरगांव
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

प्रिसिशन इंजी वर्क्स

स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट

सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।

पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com